**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 761**

**बुधवार, 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**औद्योगिक प्रोत्साहन**

**761. श्री जी.एम. सिद्देश्वराः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कर्नाटक राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज योजना के विस्तार का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी राशि आवंटित/उपयोग की गई; और

(घ) कर्नाटक में औद्योगीकरण को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (घ):** उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग देश भर के औद्योगिक कलस्टरों/क्षेत्रों/सम्पदाओं में सामान्य औद्योगिक अवसंरचना का उन्नयन करने के लिए 'औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन स्कीम (आईआईयूएस)/ संशोधित आईआईयूएस (एमआईआईयूएस)' का संचालन करता है। इस स्कीम के अंतर्गत कर्नाटक राज्य के लिए तीन परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। इन परियोजनाओं के ब्यौरे अनुबंध-I पर दिए गए हैं। गत तीन वर्षों के दौरान एमआईआईयूएस के अंतर्गत 13.272 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

*****

**<u>अनुबंध-I</u>**

**<u>दिनांक 26.06.2019 को लोक सभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 761 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध</u>**

<u>औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन स्कीम (आईआईयूएस)/ संशोधित आईआईयूएस (एमआईआईयूएस) के अंतर्गत कर्नाटक राज्य के लिए मंज़ूर परियोजनाएं</u>

(रु. करोड़ में)

| **क्र. सं.** | **स्कीम का नाम** | **परियोजना का नाम** | **अनुमोदन की तारीख** | **परियोजना लागत** | **कुल केंद्रीय अनुदान** | **जारी केंद्रीय अनुदान** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईआईयूएस | फाउंड्री क्लस्टर बेलगांव | 28.10.2004 | 24.78 | 18.58 | 18.02 | 30.09.2010 तक पूर्ण |
| 2. | आईआईयूएस | मशीन टूल्स क्लस्टर, बैंगलोर | 28.10.2004 | 135.50 | 49.12 | 47.65 | 30.08.2011 तक पूर्ण |
| 3. | एमआईआईयूएस | कोलार औद्योगिक क्षेत्र, बीदर | 10.08.2015 | 96.66 | 18.96 | 18.96* | कार्यान्वयनाधीन |

*18.96 करोड़ रुपये में से 13.272 करोड़ रूपये विगत तीन वर्षों के दौरान जारी किए जा चुके हैं।